## रिठौनिया-किसरौली में 3.74 लाख का 170 ट्रॉली रेत नष्ट किया

### पुलिस, प्रशासन एवं वन विभाग टीम की संयुक्त कार्रवाई



**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 15 जून।** रेत के अवैध उत्खनन और भंडारण के खिलाफ पुलिस एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने ग्राम रिठौनिया में बड़ी कार्रवाई की। टीम ने मौके से अवैध रूप से भंडारित करीब 70 ट्रॉली (140 घनमीटर) रेत बरामद कर जेसीबी से नष्ट कर दी। नष्ट की गई रेत की अनुमानित कीमत करीब 1.54 लाख रुपये बताई गई है।

पुलिस अधीक्षक धर्मराज मीणा के निर्देशन में चल रहे अभियान के तहत एडिशनल एसपी सुरेन्द्रपाल सिंह डाबर एवं एसडीओपी कैलारस उमेश कुमार मिश्रा के मार्गदर्शन में यह कार्रवाई की गई। थाना कैलारस पुलिस और राजस्व टीम ने मौके पर पहुंचकर रेत को मिट्टी में मिलाकर नष्ट किया। कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक सतेन्द्र सिंह कुशवाह सहित पुलिस एवं राजस्व विभाग के अधिकारी-कर्मचारी शामिल रहे।



### किसरौली घाट पर 2.20 लाख का 100 ट्रॉली रेत मिट्टी में मिलाया

अंबाह पुलिस, वनविभाग और एसएएफ की संयुक्त टीम सोमवार को कार्रवाई करने चंबल नदी के किसरौली घाट पहुंचीं। टीम को यहां करीब 100 ट्रॉली रेत भंडारित मिला। जिसे टीम ने जेसीबी मशीन के माध्यम से मिट्टी में मिलाकर नष्ट किए जाने की कार्रवाई की। कार्रवाई में निरीक्षक वीरेश कुशवाह के साथ वनविभाग के अधिकारी, कर्मचारी और एसएएफ के कर्मचारी शामिल थे।



## ट्रेन में सफर के दौरान युवक गिरा, जख्मी

**मुरैना, 15 जून।** नूराबाद थाने की पुलिस ने सोमवार को एक युवक को रेलवे ट्रेक से जख्मी हालत में बरामद किया है। उसे जिला अस्पताल में दाखिल कराया गया है। जानकारी के अनुसार नूराबाद पुलिस और जीआरपी के जवानों को सूचना मिली कि एक युवक ट्रेन से नीचे गिर गया है। पुलिस टीम को सर्चिंग के दौरान नूराबाद-बानमोर के बीच खंबा नंबर- 1248/23 के नजदीक एक युवक पड़ा हुआ मिला। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम मानवेन्द्र सिंह अहिरवार 21 पुत्र संतोष अहिरवार निवासी चारी पलहरा जिला टीकमगढ़ बताया। ट्रेन से गिरने की वजह से युवक का हाथ बुरी तरह जख्मी हो गया था। पुलिस उसे नूराबाद स्वास्थ्य केन्द्र ले गई, यहां प्राथमिक उपचार के बाद पुलिस ने उसे जिला अस्पताल रैफर कर दिया।

## गृह क्लेश में पति ने की धारदार हथियार से पत्नी की हत्या

### दिमनी क्षेत्र के सहरैयन का पुरा गांव में हुई घटना, आरोपी फरार

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 15 जून।** थाना दिमनी क्षेत्र के सहरैयन का पुरा गांव में घरेलू विवाद ने सोमवार को खौफनाक रूप ले लिया। मामूली कहासुनी के बाद पति ने पत्नी पर धारदार हथियार से हमला कर उसकी निर्मम हत्या कर दी और वारदात के बाद फरार हो गया।

जानकारी के अनुसार धर्मेंद्र जाटव (38) ने पत्नी निशा जाटव (36) पर धारदार हथियार से हमला किया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही दिमनी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस के अनुसार प्रारंभिक जांच में मामला लंबे समय से चले आ रहे पारिवारिक विवाद से जुड़ा सामने आ रहा है। आरोपी पति की तलाश के लिए पुलिस टीमों को लगाया गया है। इस हृदयविदारक घटना के बाद गांव में सन्नाटा पसरा है। निशा अपने पीछे चार मासूम बच्चों को छोड़ गई है, जिनकी आंखों के सामने अब मां का साया नहीं रहा। पुलिस पूरे मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।

- आरोपी पति की तलाश जारी,
- चार मासूम बच्चों को छोड़ गई माँ



## चंबल की रेत से भरे ट्रेक्टर-ट्रॉली पकड़े, एक गिरफ्तार

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 15 जून।** बागचीनी थाना पुलिस ने सोमवार को चंबल नदी की रेत का अवैध रूप से परिवहन कर रहे एक ट्रेक्टर-ट्रॉली को जब्त किया। पुलिस ने एक युवक को भी गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार रेत परिवहन की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने ग्राम ककरधा के पास वाहन चेकिंग शुरू की। इसी दौरान टीम ने रेत से भरे एक ट्रेक्टर-ट्रॉली को पकड़ा। पुलिस ने ट्रेक्टर चला रहे युवक को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के विरुद्ध मप्र खान एवं खनिल अधिनियम की धाराओं में अपराध दर्ज किया गया है। कार्रवाई में निरीक्षक शशि कुमार और बागचीनी थाने का फोर्स शामिल था।

## ग्रीष्मकालीन खेल शिविर का आयोजन संपन्न

**पाथाखेड़ा।** खेल एवं युवक कल्याण विभाग बैतूल के मार्गदर्शन तथा उत्कल स्पोर्ट्स क्लब सारनी के तत्वावधान में हाईस्कूल फुटबॉल ग्राउंड सारनी में आयोजित एक माह का निशुल्क ग्रीष्मकालीन खेल शिविर उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। समापन अवसर पर खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरित कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष किशोर बरदे सहित वरिष्ठ भाजपा नेता पी.जे. शर्मा, श्याम मदान, विधायक प्रतिनिधि जग्गी आहूजा, युवा नेता राहुल कापसे एवं ब्लॉक कॉर्डिनेटर शैलेंद्र शर्मा की उपस्थिति में मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ।

## परीक्षा में हुए शामिल, रिजल्ट में अनुपस्थित का ठप्पा

### जीवाजी विवि की लापरवाही के विरोध में अभाविप ने सौंपा ज्ञापन



**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 15 जून।** जीवाजी विश्वविद्यालय द्वारा घोषित बीए और बीएससी तृतीय वर्ष के परीक्षा परिणाम में परीक्षा देने वाले छात्रों को अनुपस्थित दर्शाने का मामला सामने आया है। इसके विरोध में अभाविप की मुरैना इकाई ने विश्वविद्यालय प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए कुलगुरू के नाम प्राचार्य को ज्ञापन सौंपा।

अभाविप के प्रांत सह मंत्री सत्यादित्य तोमर ने आरोप लगाया कि पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस मुरैना के दर्जनों विद्यार्थियों ने वेब डिजाइनिंग और भूगोल विषय की परीक्षा नियमित रूप से दी थी, लेकिन परिणाम में उन्हें अनुपस्थित दर्शा दिया गया। छात्रों के पास परीक्षा में शामिल होने के प्रमाण और उपस्थिति पत्रक मौजूद हैं। जिला संयोजक सोम शर्मा ने कहा कि विश्वविद्यालय की इस लापरवाही से छात्रों का भविष्य प्रभावित हो रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही परिणामों में सुधार नहीं किया गया तो विद्यार्थी परिषद जिलेभर में आंदोलन करेगा। ज्ञापन के दौरान बड़ी संख्या में अभाविप कार्यकर्ता एवं छात्र मौजूद रहे।

## मत्स्याखेट पर 16 जून से 15 अगस्त तक पूर्णत: प्रतिबंध

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 15 जून।** मप्र मत्स्योद्योग अधिनियम-1948 की धाराओं तथा मध्यप्रदेश नदीय मत्स्योद्योग नियम, 1972 के नियम 3(2) के तहत संपूर्ण मप्र में प्रतिवर्ष 16 जून से 15 अगस्त तक की अवधि को बंद ऋतु काल मत्स्य प्रजनन काल घोषित किया गया है।

कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि मछलियों के प्रजनन एवं वंशवृद्धि की दृष्टि से उक्त अवधि में मछली का शिकार मत्स्याखेट, क्रय-विक्रय तथा विनिमय पूर्णत: प्रतिबंधित रहेगा। आदेश का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी। अधिनियम की धारा 5 के अनुसार बंद ऋतु काल के दौरान मत्स्याखेट संबंधी नियमों का उल्लंघन संज्ञेय अपराध की श्रेणी में आता है।

दोषी पाए जाने पर 5 हजार रुपये तक का जुर्माना, एक वर्ष तक का कारावास अथवा दोनों दंड दिए जाने का प्रावधान है।

- दोषी पाए जाने पांच हजार रु. तक का जुर्माना, एक वर्ष का कारावास का प्रावधान

## जनकल्याण शिविर में पहुंचे कलेक्टर, परखीं व्यवस्थाएं

- जौरा में हितग्राहियों से किया संवाद, अधिकारियों को दिए निर्देश



**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 15 जून।** जौरा में आयोजित जनकल्याण शिविर का कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड़ ने आकस्मिक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने विभिन्न विभागों के स्टॉलों का भ्रमण कर हितग्राहियों से संवाद किया और योजनाओं के लाभ की जानकारी ली।

कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिविर में आने वाले प्रत्येक पात्र व्यक्ति की समस्याओं का शीघ्र और गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना प्रशासन की प्राथमिकता है। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा योजनाओं की जानकारी दी गई और हितग्राहियों के आवेदन लेकर उनका मौके पर निराकरण किया गया। बड़ी संख्या में ग्रामीणजन शिविर में शामिल हुए।

## संपर्क अभियान के तहत शिविर आज

**बैतूल।** विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड वितरण केंद्र बैतूल शहर जोन- 1 द्वारा उपभोक्ताओं की विद्युत संबंधी समस्याओं के निराकरण के लिए संपर्क अभियान के तहत 16 जून को आंगनबाड़ी केंद्र परतवाड़ा रोड अचलपुर नाका बैतूल में सुबह 10 बजे से शिविर का आयोजन किया जाएगा। मध्य प्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड बैतूल शहर जोन 1 के प्रबंधक ने बताया कि शिविर में क्लस्टर क्र. 8 रामनगर वार्ड क्र. 25, डॉ. जाकिर हुसैन वार्ड क्रमांक -25, जय प्रकाश वार्ड क्रमांक- 23, सोनाघाटी ग्राम एवं कोसमी ग्राम के उपभोक्ताओं की विद्युत संबंधित समस्याओं का निराकरण किया जाएगा। इसी प्रकार विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड वितरण केंद्र बैतूल ग्रामीण द्वारा 16 जून को सुबह 10 बजे से आयोजित शिविर में क्लस्टर क्र.-7 भैंसदेही पंचायत के पास के उपभोक्ताओं की विद्युत संबंधी समस्याओं का निराकरण किया जाएगा।



## मलेरिया को हराने जनजागरुकता रथ हुआ रवाना

- जौरा में डॉ. पंवार, डॉ. चौधरी ने दिखाई हरी झण्डी

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना/जौरा, 15 जून।** मलेरिया निरोधक माह जून-2026 के तहत स्वास्थ्य विभाग ने मलेरिया जागरूकता अभियान शुरू किया। सिविल हॉस्पिटल जौरा से मलेरिया जन जागरूकता रथ को डॉ. गोविंद पंवार एवं डॉ. अमित चौधरी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रथ के माध्यम से ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में लोगों को मच्छरों से बचाव, घरों के आसपास पानी जमा न होने देने, मच्छरदानी के उपयोग और बुखार आने पर तत्काल जांच कराने के लिए जागरूक किया जाएगा। डॉ. गोविंद पंवार ने कहा कि सावधानी और समय पर जांच से मलेरिया पर नियंत्रण संभव है। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग की टीम मौजूद रही।

## शिवमय हुआ अंबाह : बनाए पार्थिव शिवलिंग, गूंजा हर-हर महादेव

### दद्दाजी के हर घर महादेव अभियान को मिल रही गति



**नवभारत न्यूज**

**मुरैना/अंबाह, 15 जून।** सोमवती अमावस्या के अवसर पर अंबाह में श्रद्धा और भक्ति का अनूठा माहौल देखने को मिला। दद्दा शिष्य परिवार अंबाह-बरेह एवं भक्त मंडल द्वारा पीएचई परिसर स्थित संकट मोचन हनुमान मंदिर में विशाल पार्थिव शिवलिंग निर्माण एवं महारुद्राभिषेक का आयोजन किया गया।

श्रद्धालुओं ने मिट्टी से पार्थिव शिवलिंग बनाकर वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भगवान शिव का अभिषेक और पूजन किया। मंदिर परिसर देर तक हर-हर महादेव और बम-बम भोले के जयघोष से गूंजता रहा। आचार्य गिरिजाशंकर शास्त्री ने बताया कि सोमवती अमावस्या पर पार्थिव शिवलिंग पूजन का विशेष महत्व है। दद्दाजी के हर-घर महादेव अभियान को शिष्य परिवार लगातार आगे बढ़ा रहा है, जिससे समाज में धार्मिक चेतना और संस्कारों का विस्तार हो रहा है।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं महिला भक्त शामिल हुए।



## रेलवे स्टेशन पर साधु बनकर रह रहे बुजुर्ग की मौत

**मुरैना, 15 जून।** रेलवे स्टेशन परिसर में एक बुजुर्ग की मौत का मामला सामने आया है। मृतक की पहचान पतिराम माहौर 75 पुत्र मवासीराम माहौर निवासी हजीरा चार शहर का नाका, तेली वाली बगिया, रानीपुरा ग्वालियर के रूप में हुई है। बताया गया है कि पतिराम माहौर कई वर्षों से साधु का जीवन व्यतीत कर रहे थे और बाहर रहकर ही जीवन यापन करते थे। विगत लंबे समय से वे मुरैना रेलवे स्टेशन परिसर में ही रह रहे थे। सोमवार को अचानक तबीयत बिगड़ने के बाद उनकी मौत हो गई। सूचना मिलने पर जीआरपी पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर परिजनों को सूचना दी है।

## उत्कृष्ट शोधकार्य पर ज्योत्सना को मिला यंग साइंटिस्ट अवार्ड




**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 15 जून।** मुरैना की बेटी ज्योत्सना डंडौतिया पुत्री पवन डण्डौतिया एडवोकेट ने वैज्ञानिक क्षेत्र में जिले का नाम रोशन किया है। इम्युनोलॉजी के क्षेत्र में उल्लेखनीय शोध कार्य के लिए उन्हें प्रतिष्ठित जी. पी. तलवार यंग साइंटिस्ट अवॉर्ड-2026 से सम्मानित किया गया है।

यह सम्मान जम्मू-कश्मीर में आयोजित इम्यूनोकॉन-2026 के दौरान प्रदान किया गया। ज्योत्सना वर्तमान में इंस्टीट्यूट ऑफहेल्थ साइंस एंड टेक्नोलॉजी फरीदाबाद में शोध कार्य कर रही हैं। वे डॉ. अमित अवस्थी के मार्गदर्शन में इम्युनोलॉजी और टी-सेल आधारित उपचारों पर शोध कर रही हैं।

भारतीय इम्युनोलॉजी सोसायटी द्वारा प्रदान किए जाने वाले इस सम्मान के लिए देशभर के युवा वैज्ञानिकों में से उत्कृष्ट शोधकर्ताओं का चयन किया जाता है। ज्योत्सना की इस उपलब्धि पर मुरैना सहित पूरे मध्यप्रदेश में हर्ष का माहौल है।


### नाम सत्यापन सूचना

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं **संजू सिंह पुत्र श्री रामबाबू** निवासी ग्राम खड़िया, सांठो, तहसील पोरसा, जिला मुरैना म.प्र. का निवासी हूं। यह कि मेरे आधार कार्ड क्रं. 6648 3345 2874 में मेरा नाम **संजू सिंह पुत्र रामबाबू** दर्ज है। जबकि यूनियन बैंक ऑफ इंडिया में कराई गई एफ.डी.आर. में मेरा नाम **संजू परमार** लिखा हुआ है, यह कि **संजू सिंह** और **संजू परमार** दोनों एक ही व्यक्ति अर्थात मेरे ही नाम है। इन दोनों ही नामों से ही मुझे जाना, समझा और पहचाना जाता है। अतएव मेरी यूनियन बैंक की एफ.डी.आर. में **संजू परमार** के स्थान पर मेरा नाम **संजू सिंह** दर्ज कर राशि का भुगतान किया जावे।

सूचनाकर्ता- **संजू सिंह पुत्र श्री रामबाबू**
निवासी- ग्राम खड़िया, सांठो,
तहसील पोरसा, जिला मुरैना (म.प्र.)

### आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे व्यवहारी रामबरन सिंह तोमर पुत्र श्री रामगोविंद सिंह तोमर निवासी ग्राम बघेल थाना सिहौनिया तह. अंबाह, जिला मुरैना म.प्र. का बड़ा पुत्र अशीष उर्फ आशु तोमर आज से करीब 1 वर्ष पूर्व अपना संपूर्ण हिस्सा लेकर अलग हो गया है। अब मेरे व्यवहारी की चल एवं अचल संपत्ति में इस प्रकार का अशीष उर्फ आशु तोमर का कोई हिस्सा नहीं है। मेरे व्यवहारी का पुत्र अशीष उर्फ आशु तोमर गलत संगत में पड़ गया है। इस कारण वह आये दिन किसी न किसी व्यक्ति से झगड़ा, फसाद करता रहता है। मेरे व्यवहारी के मना करने पर असत्य अपराध में फंसाने की धमकी देता है। इसलिए सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि वह मेरे बड़े पुत्र अशीष उर्फ आशु तोमर से किसी प्रकार का लेनदेन करता है तो उसके लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरा बड़ा पुत्र किसी से भी कोई झगड़ा फसाद या विवाद अथवा किसी प्रकार का अपराध करता है तो उसके लिए मेरा बड़ा पुत्र अशीष उर्फ आशु तोमर ही जिम्मेदार होगा। मेरे व्यवहारी का अपने बड़े पुत्र अशीष उर्फ आशु तोमर से किसी प्रकार का कोई कोई संबंध नहीं रखता है। इस सर्व साधारण सूचना के माध्यम से मेरा व्यवहारी अपने बड़े पुत्र अशीष उर्फ आशु तोमर संबंध विच्छेदित करता है। सर्व साधारण सूचित हो। दि. 15.06.2026

**सूचनाकर्ता**-रामबरन सिंह तोमर
पुत्र श्री रामगोविंद सिंह तोमर
निवासी- ग्राम बघेल तह. अंबाह, जिला मुरैना म.प्र.
द्वारा अभिभाषक : **श्री रामकुमार व्यास** (एडवोकेट)
कार्यालय- लिटिल फ्लॉवर स्कूल वाली गली,
नैनागढ़ रोड, मुरैना मो.नं.-9827545780




### आध्यात्मिक ज्ञान से खुलते हैं सफलता के द्वार : रेखा बहन

**मुरैना, 15 जून।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय गांधीनगर केंद्र पर आध्यात्मिक ज्ञान विषय पर कार्यशाला आयोजित की गई। बीके रेखा बहन ने कहा कि आध्यात्मिक ज्ञान व्यक्ति को शांति, सकारात्मक सोच और जीवन जीने की सही दिशा प्रदान करता है। ध्यान और योग से आत्मविश्वास बढ़ता है तथा मन को शक्ति मिलती है। उन्होंने ब्रह्ममुहूर्त में जागने, नियमित साधना और आध्यात्मिक मूल्यों को अपनाने का संदेश दिया। कार्यशाला में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर आध्यात्मिक जीवन शैली अपनाने का संकल्प लिया।

## बंदियों को सिखाए योग के गुर, बताए विधिक अधिकार

### उपजेल जौरा में 7 दिनी योग शिविर में स्वस्थ जीवन, कानूनी अधिकारों पर किया जागरुक



**नवभारत न्यूज**

**मुरैना/जौरा, 15 जून।** अंतर्राष्ट्रीय योग सप्ताह के अवसर पर उपजेल जौरा में बंदियों के बीच सात दिवसीय योग शिविर एवं विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मुरैना के निर्देश तथा तहसील विधिक सेवा समिति जौरा के अध्यक्ष एवं द्वितीय जिला न्यायाधीश इंद्रजीत रघुवंशी के आदेश पर आयोजित किया जा रहा है।

कार्यक्रम में न्यायाधीशों ने बंदियों को योग के महत्व से अवगत कराते हुए कहा कि नियमित योग से शरीर और मन स्वस्थ रहता है। उन्होंने बंदियों को विभिन्न योग क्रियाओं का प्रशिक्षण दिए जाने की जानकारी देते हुए प्रतिदिन योग को जीवन का हिस्सा बनाने की अपील की। इस अवसर पर बंदियों को उनके कानूनी अधिकारों की जानकारी भी दी गई। प्लीबार्गेनिंग, जमानत के अधिकार, हाईकोर्ट में अपील तथा नि:शुल्क विधिक सहायता योजना के संबंध में विस्तार से बताया गया। न्यायाधीशों ने कहा कि पात्र बंदियों को विधिक सेवा प्राधिकरण के माध्यम से नि:शुल्क अधिवक्ता उपलब्ध कराया जाता है। कार्यक्रम में न्यायाधीश इंद्रजीत रघुवंशी, देवेंद्र सिंह पाल, माधव प्रसाद नामदेव, भूपेंद्र गोयल, योगाचार्य चंद्रेश उपाध्याय, उपजेल अधीक्षक बाबूलाल माहौर सहित जेल स्टाफ उपस्थित रहा।

## कैंसर पीड़ित ट्रैफिक पुलिस के प्रधान आरक्षक की मौत



**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 15 जून।** करीब एक साल से मुंह के कैंसर से जूझ रहे यातायात पुलिस के प्रधान आरक्षक की सोमवार को मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार मूलत: बकेवर इटावा यूपी निवासी राजेश वर्मा 55 पुत्र दयाराम वर्मा विगत करीब एक साल से मुंह के कैंसर की बीमारी से जूझ रहे थे। वे इन दिनों यातायात पुलिस मुरैना में बतौर प्रधान आरक्षक पदस्थ थे। सोमवार की दोपहर जब राजेश शहर के गणेशपुरा इलाके की सांवलिया बौहरे वाली गली में किराए के घर पर थे, तभी अचानक उनकी हालत बिगड़ गई और कुछ ही देर में मौत हो गई। परिजन उन्हें जिला अस्पताल लेकर पहुंचें, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। कोतवाली पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है।